(107)

(16)

ज्ञान शान्ति मैत्री

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

कार्यवृत्त

आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ (IQAC) की

सोलहवीं बैठक

दिनांकः 10 दिसंबर, 2020 समय : प्रातः 11.30 बजे

विश्वविद्यालय परिसर, वर्धा

11/12/2020

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ (IQAC) की सोलहवीं बैठक

(10 दिसंबर, 2020)

अनुक्रमणिका

मद संख्या	विवरण
1	विश्वविद्यालय में कार्यरत शैक्षणिक कर्मियों के Career Advancement Scheme (CAS) के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों पर विचार।

मद संख्या 01.– विश्वविद्यालय में कार्यरत शैक्षणिक कर्मियों के Career Advancement Scheme (CAS) के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों पर विचार।

निर्णय : सहायक कुलसचिव (स्थापना) द्वारा पिछली बैठक के बाद की प्रगति की जानकारी दी गयी एवं अध्यक्ष, प्रारंभिक जाँच समिति द्वारा प्रोन्नयन योजना के प्रकरण बैठक में प्रस्तुत किए गए। समिति द्वारा निम्नलिखित निर्णय लिए गए–

क) – निम्नलिखित सहायक प्रोफेसरों के आवेदन चरण 1 से चरण 2 में प्रोन्नयन हेतु प्राप्त हुए–

1. डॉ. लेखराम दन्नाना, सहायक प्रोफेसर, संस्कृत विभाग
2. डॉ. आर. पुष्पा नामदेव, सहायक प्रोफेसर, शिक्षा विभाग
3. डॉ. धर्मेंद्र नारायणराव शंभरकर, सहायक प्रोफेसर, शिक्षा विभाग
4. श्री सन्मति जैन, सहायक प्रोफेसर, विदेशी भाषा एवं अंतरराष्ट्रीय अध्ययन केंद्र
5. डॉ. हरप्रीत कौर, सहायक प्रोफेसर, अनुवाद अध्ययन विभाग
6. श्री संदीप कुमार वर्मा, सहायक प्रोफेसर, जनसंचार विभाग

डॉ. लेखराम दन्नाना, डॉ. आर. पुष्पा नामदेव, डॉ. धर्मेन्द्र नारायणराव शंभरकर एवं श्री संदीप कुमार वर्मा के आवेदनों को प्रारंभिक जाँच समिति द्वारा प्रोन्नयन हेतु अर्ह पाया गया।

श्री सन्मति जैन एवं डॉ. हरप्रीत कौर के आवेदनों की जाँच प्रारंभिक जाँच समिति द्वारा करने के उपरांत अग्रेतर कार्यवाही करने के लिए आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ समिति कुलपति महोदय को अधिकृत करती है।

ख) – निम्नलिखित सहायक प्रोफेसरों के आवेदन चरण 2 से चरण 3 में प्रोन्नयन हेतु प्राप्त हुए–

1. डॉ. पीयूष प्रताप सिंह, सहायक प्रोफेसर, सूचना एवं भाषा अभियांत्रिकी केंद्र
2. डॉ. रवि कुमार, सहायक प्रोफेसर, विदेशी भाषा एवं अंतरराष्ट्रीय अध्ययन केंद्र
3. डॉ. अनिर्बाण घोष, सहायक प्रोफेसर, विदेशी भाषा एवं अंतरराष्ट्रीय अध्ययन केंद्र
4. डॉ. अनवर अहमद सिद्दकी, सहायक प्रोफेसर, अनुवाद अध्ययन विभाग
5. डॉ. रामप्रकाश यादव, सहायक प्रोफेसर, अनुवाद अध्ययन विभाग
6. डॉ. राजीव रंजन राय, सहायक प्रोफेसर, प्रवासन एवं डायस्पोरा अध्ययन विभाग

डॉ. पीयूष प्रताप सिंह का आवेदन प्रारंभिक जाँच समिति द्वारा प्रोन्नयन हेतु अर्ह पाया गया।

डॉ. रवि कुमार का आवेदन वर्ष 2016 तक की अवधि का है, अतएव उनके आवेदन पर प्रारंभिक जाँच समिति द्वारा जाँच में अर्ह पाये जाने पर यथानियम कार्यवाही संपादित की जाएगी। वर्ष 2017 के पश्चात भविष्य में उनके प्रोन्नयन योजना Career Advancement Scheme (CAS) संबंधी आवेदन पर उचित विधिक परामर्श उपरांत आगे की कार्यवाही की जाएगी।

शेष आवेदनों की जाँच प्रारंभिक जाँच समिति द्वारा करने के उपरांत अग्रेतर कार्यवाही करने के लिए आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ समिति कुलपति महोदय को अधिकृत करती है।

उपर्युक्त प्रकरणों पर चर्चा के दौरान डॉ. राजीव रंजन राय, सहायक प्रोफेसर, प्रवासन एवं डायस्पोरा अध्ययन विभाग को बैठक से बाहर रखा गया।

ग) – निम्नलिखित सहायक प्रोफेसरों के आवेदन चरण 3 से चरण 4 में प्रोन्नयन हेतु प्राप्त हुए–

1. डॉ. अमरेन्द्र कुमार शर्मा, सहायक प्रोफेसर, दूर शिक्षा निदेशालय
2. डॉ. अमित राय, सहायक प्रोफेसर, दूर शिक्षा निदेशालय

उपर्युक्त आवेदनों पर प्रारंभिक जाँच समिति द्वारा जाँच में अर्ह पाये जाने पर यथानियम कार्यवाही संपादित की जाएगी।

10/12/2020
निदेशक
आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ

11/12/2020
कुलपति एवं अध्यक्ष
आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चायन प्रकोष्ठ